625

**द्वारा ई–मेल/द्वारा फैक्स/अति महत्वपूर्ण/समयवद्ध**

# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद–।

संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)–2014 दिनॉकःनवम्बर26,2014

सेवा में,

1–समस्त विभागाध्यक्ष, पुलिस विभाग उत्तर प्रदेश। (पीएसी को छोड़कर)
2–समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।
3–समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।
4–समस्त कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग उत्तर प्रदेश (पीएसी को छोड़कर)
5–सचिव, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ।

––––

<u>विषयः</u> उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना की संयुक्त अनन्तिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन।

–––

उपर्युक्त विषयक कृपया पुलिस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनॉकः11–11–2014 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस प्रशिक्षण बैच–1997–98 तक के उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना की अनन्तिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित करते हुये अग्रेतर कार्यवाही का अनुरोध किया गया है।

2– उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत प्रकरण से सम्बन्धित सूचना एवं प्रमाण–पत्र दिनॉकः20–11–2014 तक उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया था, किन्तु आपके अधीनस्थ निम्नलिखित जनपदों/इकाईयों द्वारा ही वॉछित सूचना/प्रमाण–पत्र उपलब्ध अब तक उपलब्ध कराये जा सके हैः–

| क0सं0 | जोन का नाम | जिन जनपदों/इकाईयों से सूचनायें प्राप्त हो चुकी है, उनका नाम |
|---|---|---|
| 1 | आगरा | मथुरा एवं हाथरस |
| 2 | इलाहाबाद | हमीरपुर |
| 3 | बरेली | पीलीभीत/बिजनौर एवं शाहजहॉपुर |
| 4 | गोरखपुर | कुशीनगर |
| 5 | कानपुर | झॉसी एवं कन्नौज |
| 6 | लखनऊ | फैजाबाद/सुलतानपुर |
| 7 | मेरठ | बागपत/बुलन्दशहर |
| 8 | वाराणसी | बलिया/गाजीपुर/चन्दौली/जौनपुर एवं वाराणसी |
| 9 | इकाईयॉ | अभिसूचना मुख्यालय/क्षेत्रीय लखनऊ/इलाहाबाद/फैजाबाद/कानपुर व मेरठ, एटीसी सीतापुर/पीटीएस मुरादाबाद/ईओडब्लू/जीआरपी झॉसी व गोरखपुर |

3– अतः अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त जनपदों/इकाईयों को छोड़कर शेष को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे पुलिस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनॉकः11–11–2014 में की गयी अपेक्षानुसार कार्यवाही पूर्ण कराते हुये अपेक्षित संशोधन एवं **प्रमाण–पत्र दिनॉकः28–11–2014 तक प्रत्येक दशा में पुलिस मुख्यालय के Email ID. inspromo1998@gmail.com पर एवं हार्ड प्रति उपलब्ध करा दें।**

(भगवान स्वरूप)
पुलिस उपमहानिरीक्षक,स्थापना
उत्तर प्रदेश।

<u>संख्या तथा दिनॉक वही।</u>

<u>प्रतिलिपिः</u>अपर पुलिस महानिदेशक, कार्मिक उ0प्र0 लखनऊ को उपरोक्त सन्दर्भ में कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

2– पुलिस महानिरीक्षक,स्थापना उ0प्र0 लखनऊ को उपरोक्त सन्दर्भ में इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वे कृपया अपने स्तर से भी सम्बन्धित को निर्देशित करने की कृपा करें।